सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति–2**

**राजभवन देहरादून 05 अप्रैल, 2023**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (NIM) के प्रधानाचार्य कर्नल अंशुमन भदौरिया ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को संस्थान में चलने वाले विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और अन्य क्रियाकलापों की जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि एनआइएम भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्वतारोहण संस्थानों में से एक है और इसे एशिया में सबसे प्रतिष्ठित पर्वतारोहण संस्थान भी माना जाता है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इस तरह का प्रतिष्ठित संस्थान उत्तराखण्ड में अवस्थित है जिसका हमें बेहतर लाभ लेने की जरूरत। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान विभिन्न पर्वतारोहण और साहसिक पाठ्यक्रमों, साहसिक प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं सहित पर्वतारोहियों को प्रशिक्षित कर रहा है। उत्तराखण्ड में साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए संस्थान का महत्व और भी बढ़ जाता है। इस अवसर पर राज्यपाल ने विगत वर्ष हुई हिमस्खलन की घटना से सबक सीखने और अपनी कार्य योजना को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने संस्थान के प्रशिक्षण और अन्य विषयों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

............0............